**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3511**

**17 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वस्त्र पार्क**

**3511. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान एकीकृत वस्त्र पार्क (एसआईटीपी) योजना के तहत राज्य-वार कितने वस्त्र पार्क स्थापित किए गए हैं;

(ख) उक्त परियोजनाओं पर अनुदान के रूप में किया गया अनुमानित व्यय कितना है;

(ग) इन परियोजनाओं में निजी कंपनियों द्वारा कुल कितना निवेश किया गया है; और

(घ) उक्त परियोजनाओं के माध्यम से कितनी नई नौकरियां, यदि कोई हों, सृजित हुई हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (घ):** वस्त्र क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, रोजगार के अवसर सृजित करने और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, मंत्रालय पूरे देश में वस्त्र हबों में विश्व स्तरीय, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ वस्त्र पार्क स्थापित करने हेतु सहायता प्रदान करने के लिए एकीकृत वस्त्र पार्क (एसआईटीपी) योजना का क्रियान्वयन कर रहा है। यह योजना दिनांक 31.03.2021 तक क्रियान्वित थी; तथापि, अब इस योजना को वस्त्र क्लस्टर विकास योजना (टीसीडीएस) की एकछत्र योजना के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है (केवल चालू परियोजनाओं को पूरा करने के लिए टीसीडीएस का कुल परिव्यय 853 करोड़ रुपये है)। इसलिए, पिछले पांच वर्षों के दौरान एसआईटीपी के तहत कोई नई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

तथापि, एसआईटीपी के तहत 50 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं जिनमें से 30 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और शेष 20 कार्यान्वयन के अधीन हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान इस योजना के तहत 240.63 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग किया गया है।

अनुमान है कि इस योजना के तहत लगभग 14,628 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है और लगभग 1.22 लाख रोजगार सृजित हुए हैं।

***